सुविचार

मस्तिष्क इन्द्रियों की अपेक्षा महान है, शुद्ध बुद्धिमत्ता मस्तिष्क से महान है, आत्मा बुद्धि से महान है, और आत्मा से बढ़कर कुछ भी नहीं है।
- स्वामी शिवानंद

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

## लखनऊ के प्रमुख समाचार

- एटीएम कार्ड बदल पैसा निकालने वाले दो गिरफ्तार II
- रमजान की तैयारियां शुरू, सजे बाजार III
- परीक्षार्थी आज फोन कर जानें अच्छे अंक आने के तरीके IV

लखनऊ, सोमवार, 16 फरवरी 2026





महाशिवरात्रि पर डालीगंज स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर, कोनेश्वर महादेव मंदिर और चौपटिया क्षेत्र के बड़े शिवाले में जलाभिषेक करते भक्त। अमृत विचार

# सुबह शिवालयों में अभिषेक, शाम को निकली शिव बरात

## महाशिवरात्रि पर मनकामेश्वर, बुद्धेश्वर, कोनेश्वर, कुएस्वर समेत प्रमुख शिवालयों में हजारों भक्तों ने किया दर्शन और पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि पर्व पर दर्शन और पूजन के लिए शहर के प्रमुख शिवालयों में देर रात से ही भक्तों की कतारें लग गई। दिन चढ़ने के साथ भीड़ बढ़ती गई। शाम तक शिवालय हर-हर, बम-बम के जयकारों से गूंजते रहे। भक्तों ने जलाभिषेक कर फूल, बेलपत्र, दूध, दही, शहद, अक्षत, भांग और धतूरा भोलेनाथ को अर्पित किया। रुद्राभिषेक, महाआरती भी हुई। शाम को ठाकुरगंज के कल्याणगिरी मंदिर, कुएस्वर महादेव मंदिर और कैन्ट रोड स्थित मंदिर से झांकियों के साथ शिवजी की बरात निकाली गई। इन बरातों में हजारों की संख्या में भक्त शामित हुए। जगह-जगह लोगों ने बरात का स्वागत किया। कलाकारों में हैरतअंगेज करतब भी दिखाए। शनिवार रात 12 बजे विशेष भस्म आरती के बाद डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर के कपाट खोल दिए गए। महंत देव्यागिरि ने आरती की। तड़के तक मंदिर के बाहर लंबी कतारें लग गईं। यही हाल नादान महल रोड स्थित सिद्धनाथ पीठ का रहा। श्रद्धालुओं के मंदिर के कपाट दिनभर खुले रहे। दिनभर भजन-पूजन का कार्यक्रम चलता रहा। वहीं बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे पंचमुखी आरती हुई। दोपहर में महाभोग तथा शाम को 51 मुखी आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को ठंडाई, कुल्फी और फलाहार का प्रसाद वितरित किया गया।



महाशिवरात्रि पर ठाकुरगंज क्षेत्र के कल्याण गिरी मंदिर से निकाली गई शिवजी की बरात में शामिल झांकियां और हजारों भक्त। अमृत विचार



### महाकाल मंदिर में भांग शृंगार

- चौक कोनश्वर, छोटा शिवाला, बड़ा शिवाला, ओंकारेश्वर मंदिर, महामंगलेश्वर महादेव, शास्त्रीनगर शिवमंदिर, नेहरूक्रास सहित अन्य विभिन्न मंदिरों में शिवालयों में अखंड रामायण पाठ, भजन संध्या और रुद्राभिषेक का निर्बाध सिलसिला जारी रहा। श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में प्रात :काल से जलाभिषेक शुरु हुआ, जो शाम तक चलता रहा। राजेंद्र नगर स्थित श्री महाकाल मंदिर में प्रात : 2 बजे रुद्राभिषेक, 4 बजे भांग शृंगार, 4 :30 बजे भस्म अर्पण और 5 बजे भस्म आरती हुई। इसके बाद भक्तों ने गर्भगृह में जलाभिषेक किया।

### नर्मदेश्वर में विशेष सूर्य शृंगार

- नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में सवा लाख शिवलिंग पर लोगों ने रुद्राभिषेक किया। वर्ष 2026 को 'सूर्य वर्ष' मानते हुए यहां विशेष सूर्य शृंगार किया गया। मौसमी फलों और पुष्पों से सजे मंडप में बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़े। महिला मंडली ने भजनों से स्तुति की। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने संगीतमय जागरूकता कार्यक्रम किया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महाशिवरात्रि पर पूरा लखनऊ शिवमय नजर आया।



शिवालय में दीप जलातीं महिलाएं।

# भोले की बरात में सन्यासी, भूत-प्रेत के वेष में दिखाए स्वांग

संवाददाता, चौक

**अमृत विचारः** ठाकुरगंज क्षेत्र के कल्याण गिरी मंदिर से महाशिवरात्रि पर भव्य बारात निकाली गई। इस बारात में गाजे-बाजे, रथ, ऊंट, डीजे के साथ संन्यासी और श्रद्धालु शामिल हुए। बारात में भूत-प्रेत, पिशाच, नागदेव, मंदारो और सपेरे की वेशभूषा में कलाकार शामिल रहे। कलाकारों ने शिव तांडव, शिव-पार्वती और राधा-कृष्ण का जीवंत मंचन किया। जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। व्यवसायियों ने जगह-जगह बारातियों के लिए फलाहार, जलपान और प्रसाद का वितरण किया। बारात में दूर-दूर से लोग शामिल हुए।

बालागंज, ठाकुरगंज और चौक रोड पर स्थानीय नेताओं और व्यापारियों ने बारात का स्वागत किया। पूरी बारात मनमोहक लगता है जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं रही। इस बारत मे पीले वस्त्र से सजी महिलाएं कलश को लेकर क्रमबद्ध रूप से बारत के साथ चलती और भोले बाबा की जयकारे लगाते रहे। ये बारात कल्याणगीरी मंदिर से उठकर बालागंज होते हुए चौक तक जाती है। फिर पुनः कल्याणगीरी मंदिर आकर समाप्त होती है जहां शिव आराधना और भव्य भंडारे का भी आयोजन होता है इस बारत की भव्यता और सुंदरता दूर दूर तक प्रसिद्ध है यही कारण है कि लोग इस बारत मे शामिल होने दूर दूर से आते हैं।



मोती नगर से निकाली गई शिवबरात में स्वांग दिखाता कलाकार। अमृत विचार

### हवन, पूजन के साथ हुआ कांवड़ सेवा का समापन

- ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में शिवरात्रि के अवसर पर चिनहट फैजाबाद मार्ग स्थित वीमार्ट के पास 12 से 15 फरवरी तक संचालित कांवड़ सेवा का समापन हवन, पूजन और अनुष्ठान के साथ रविवार को किया गया। इस अवसर पर फलाहार, जलपान, विश्राम, उपचार, शिव दरबार दर्शन आदि की सेवाएं उपलब्ध करवायी गईं। इसके साथ ही सुंदरकांड एवं स्वदेशी अभियान के प्रति राहगीरों को जागृत किया गया।



मंदिर में घंटा बजाकर शिव को प्रसन्न करती महिला।

### दूध, हल्दी, तिल इत्र व मिश्री से किया अभिषेक



हरेला बाखई संस्था ने कुर्मांचल नगर स्थित पंचमेश्वर महादेव मंदिर में त्रिनेत्राय-कल्पनतारी कार्यक्रम के तहत शिव-पार्वती परिवार पर मनन-भजन किया। जिसमें संस्था के 27 लोगों ने ओम नम : शिवाय के जाप के साथ लिंगाष्टक का सस्वर पाठ किया। अध्यक्ष हरीश उपाध्याय ने शिवलिंग पर दूध, हल्दी, तिल, इत्र और मिश्री से अभिषेक किया। कार्यक्रम संयोजक देवकी जोशी के भजन टीम के रश्मि, हेमा, दीपा पाण्डेय, चांदनी सिंह, चन्दा अर्जेल, रजनी पंत, बीना, तरुणा, सतीश जोशी, राम सिंह ने भजन प्रस्तुत किए। दीवान सिंह अधिकारी, बीडी जोशी, मोहन लखचौरा, अनुपम भण्डारी, प्रेम शंकर वर्मा, तारा जैसवाल ने शिव मनन में संगत की।

### सृष्टि अपार्टमेंट लगे जयकारे

कुर्सी रोड स्थित सृष्टि अपार्टमेंट परिसर शिव क भक्ति के रंगा नजर आया। परिसर में स्थित शिवालय को फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया और शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा व पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं की टोली ने शिव भजनों और भक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। सामूहिक आरती में निवासियों ने एक साथ महादेव की आराधना की। पूजन के बाद सभी उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।



महाकाल मंदिर में नगांड़ा व ढपली बजाकर बाबा को प्रसन्न करते भक्त।

### कवि सम्मेलन हुआ

सदाशिव साहित्यिक सेवा संस्थान ने महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी नगर में कवि सम्मलेन का आयोजन किया। कवि डॉ. विष्णु सक्सेना ने, जो हाथ थाम लो वो फिर न छूटने पाये, प्यार की दौलतें कोई न लूटने पाये, जब भी छूलो बुलंदियां तो ध्यान ये रखना ज़मीं से पांव का रिश्ता न टूटने पाये ... आदि कविताओं की प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। कवि विशेष शर्मा, डॉ. सुम , प्रमोद द्विवेदी 'प्रमोद' और रामकिशोर तिवारी 'किशोर' ने कविता पाठ किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष व आयोजक लवकुश त्रिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरज बोरा, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और महापौर सुषमा खर्कवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### भंडारे में शामिल हुए पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री



अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर देवा रोड स्थित मत्थेश्वर महादेव, खसापरिया में भंडारा तथा जागरण का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण कर भजन-कीर्तन का आनंद लिया। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, बृजमोहन दास (हनुमानगढ़ी, अयोध्या), संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, अपर्णा यादव, अंगद सिंह, बैजनाथ रावत, संगठन के प्रदेश प्रभारी प्रवीण मणि त्रिपाठी राजेंद्र सिंह, संजय दीक्षित, प्रेम आदर्श, ब्राह्मस वाजपेयी, निर्भय सिंह, योगेश शुक्ला, रतन दास उपस्थित रहे।

सिटी ब्रीफ

## दोनों दोस्तों के शव का एक साथ हुआ अंतिम संस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगंज के कोरियानी गांव में रविवार शाम को ढोल बजाने वाले दोनों दोस्तों मनोज (23) और रिशु (22) का अंतिम संस्कार एक साथ हुआ। शनिवार देर रात ढोल बजाकर लौट रहे दोनों दोस्तों की नवाब अली का पुरवा गांव के पास सड़क हादसे में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव रविवार को कोरियानी गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। दोनों की गांव के बाहर एक साथ चिताएं लगाई गई। रिशु के शव को उसके बाबा रामदयाल ने मुखाग्नि दी। उसके परिवार में उसकी मां शीला, दो बहनें व एक भाई है। जबकि मनोज के पिता मनीराम ने अपने बेटे की चिता में आग लगाई। मनोज के परिवार में उसकी मां विद्या तीन बहनें व एक भाई है। उसकी तीनों बहनों की शादी हो चुकी है।

## बाउंड्री गिराकर दबंगों ने पीड़ित व साथियों को पीटा

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के चुन्नूखेड़ा में प्लॉट पर बनी बाउंड्री गिराने का विरोध करने पर दबंगों ने पीड़ित व उसके साथियों को जमकर पीटा। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पीड़ित देवेन्द्र सिंह निवासी पारा रोड ने बताया कि चुन्नूखेड़ा स्थित प्लॉट पर लगभग 8 फीट ऊंची बाउंड्री वाल बनी हुई थी। शनिवार रात को इंदिरानगर निवासी शब्बीर अहमद और राहुल अपने साथ 10-15 अज्ञात लोगों को लेकर मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने दीवार को गिराना शुरू कर दिया। घटना के दौरान जब मौके पर मौजूद देवेन्द्र सिंह, राजेन्द्र यादव और अमित कुमार पाल ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह पीड़ितों ने भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## साइबर ठग ने दो के खाते से उड़ाए 1.15 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने दो लोगों के खातों से करीब 1.15 लाख रुपये उड़ा लिए। साइबर ठगी के यह मामले पारा और पीजीआई के हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। भपटामऊ नाजिमनगर निवासी यूबी सिंह का खाता भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा में है। उन्होंने बताया कि साइबर जालसाज ने उनके दोनों खातों से 11 बार में एक लाख रुपये पार कर दिए। हैरानी की बात यह है कि ये सभी ट्रांजेक्शन जुलाई माह में हुए, लेकिन पीड़ित को इसकी जानकारी 11 फरवरी में बैंक जाने पर हुई। वहीं, तेलीबाग के बल्देव विहार निवासी मनोराम मिश्र ने बताया कि 6 फरवरी को अवध बस स्टेशन के पास मोबाइल चोरी हो गया। उसके पास उनके खाते से 14,900 रुपये निकाल लिए।

# एटीएम कार्ड बदल पैसा निकालने वाले दो गिरफ्तार

**100 से अधिक लोगों ने एटीएम कार्ड बदल कर की 30 से अधिक की ठगी 181 एटीएम कार्ड आरोपियों के पास से बरामद**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आईटी सेक्टर की नौकरी छोड़कर ठगी करने वाले दो अंतरराज्यीय जालसाजों को मड़ियांव पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से 181 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपी एटीएम बूथ पर लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करते थे। प्रदेश के कई जिलों और दूसरे प्रांतों में 30 लाख से अधिक की ठगी कर चुके हैं।

एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रूणवाल ने बताया कि एटीएम बूथ पर कार्ड बदलकर ठगी करने वाले सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए थे। इनकी तलाश के लिए इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा और क्राइम ब्रांच को लगाया गया। टीम ने शनिवार रात जीएसआई ई-पॉवर हाउस चौराहा स्थित एटीएम बूथ के पास बिना नंबर की बाइक सवार दिलशाद और शहबान को दबोच लिया। दिलशाद प्रतापगढ़ के लीलापुर इलाके के शमशेरगंज अकारीपुर और शहबान सदर कोतवाली के पुरवा मधई हुडहा पूरे का रहने वाला है। दोनों आरोपियों ने बताया कि मड़ियांव, जानकीपुरम, पारा, चिनहट, आलमबाग, नाका और कैसरबाग के अलावा अन्य इलाकों में करीब दो दर्जन वारदातें की हैं। महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों में भी 100 से अधिक लोगों से ठगी की है। दोनों तीन वर्ष से टप्पेबाजी कर रहे थे। एडीसीपी ने बताया कि 12 फरवरी को राजू गुप्ता व अर्जुन सिंह चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दोनों के खाते से 17,700 रुपये निकाले गए थे। 7 सितंबर को अलीगंज की सुषमा श्रीवास्तव के कार्ड बदलकर खाते के 2.40 लाख रुपये निकाल थे। आरोपी शहबान के खिलाफ कौशांबी व रायबरेली और दिलशाद के खिलाफ अयोध्या व प्रतापगढ़ में कई मामले दर्ज हैं।



पुलिस की गिरफ्तर में दोनों आरोपी।

### बुजुर्ग व महिलाएं होती थीं निशाने पर

- एसीपी अलीगंज शशि प्रकाश मिश्र ने बताया कि आरोपियों के पास से विभिन्न बैंकों के 181 एटीएम कार्ड, चार फर्जी आधार कार्ड अलग-अलग नाम से, एक मोबाइल फोन, बिना नंबर की एक बाइक, 2050 रुपये बरामद हुए हैं। गिरोह के लोग महिलाओं और बुजुर्गों को टारगेट करते थे। उन्हें आसानी से बरगला कर एटीएम बदल लेते थे। जालसाज बूथ में बुजुर्गों और महिलाओं को देखकर ही जाते थे। टारगेट जैसे ही कार्ड लगाकर पिन डालता था तो चुपचाप पीछे खड़े होकर देख लेते थे। उसके बाद कभी रसीद, कभी कैंसिल तो कभी कोई बहाना बनाकर कार्ड लेकर बदल देते थे।

### महंगे होटलों में रूकते थे

- एसीपी इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि आरोपी ठगी की रकम से महंगे होटलों में खाना खाते और ब्रांडेड कपड़े पहनते थे। आरोपी लखनऊ में जब भी आते तो होटल में ही रूकते थे। ठगी की रकम से एक बाइक भी खरीदी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि बीटेक करने के बाद आरोपी दिलशाद ने करीब चार साल पहले 40 हजार रुपये वेतन पर एक निजी कंपनी में दिल्ली में इंजीनियरिंग की नौकरी शुरु की। गर्लफ्रेंड की फरमाइशें और अपने महंगे शौक वह आईटी सेक्टर की नौकरी से पूरा नहीं कर पा रहा था। जिसके चलते उसने तीन साल पूर्व नौकरी छोड़ दी और साथी के साथ मिलकर टप्पेबाजी करने लगा था।

## फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बाइक बेचने वाले दो गिरफ्तार

- **अमृत विचार, लखनऊ :** विकासनगर पुलिस ने चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने दो चोरी की बाइक बरामद की है। एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में जानकीपुरम निवासी उत्कर्ष प्रताप सिंह उर्फ समर ठाकुर शामिल है। वह चोरी की दो बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उन्हें बेचने की फिराक में था। इस दौरान मुखबिर से सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से दो चोरी की बाइक बरामद की। पुलिस के अनुसार, 15 जनवरी 2026, को विकास नगर थाना पुलिस संजीवनी मंडी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली की एक युवक सचिवालय तिराहा के पास चोरी की दो बाइक बेचने की कोशिश कर रहा है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। जांच के दौरान बाइक पर लगा नंबर फर्जी पाया गया। चेसिस नंबर के आधार पर जांच करने पर सही रजिस्ट्रेशन नंबर की पुष्टि हुई।

- **दो चोरी की बाइक बरामद**
- **एक आरोपी जानकीपुरम का**

## शातिर चोर गिरफ्तार, 2.31 लाख रुपये बरामद

- अमृत विचार, लखनऊ : चौक पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के 2.31 लाख रुपये बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी मो. मुजाहिद निवासी हसनगंज हालपता फरीदीपुर ठाकुरगंज है। आरोपी के खिलाफ पहले भी चौक कोतवाली में एक आपराधिक मामला दर्ज है। 14 फरवरी को बहराइच निवासी सिद्धार्थ चौधरी ने तहरीर दी थी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित आठ फरवरी 2026 को अमीनाबाद से चौक की ओर आ रहे थे। इस दौरान सुभाष मार्ग के पास करीब 3 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके बैग से पन्नी में रखे 2.5 लाख रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी को पकड़ा।

## परीक्षा के तनाव में इंटर छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदेयगंज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात इंटरमीडिएट की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन की लेकिन कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला। बताया जा रहा है कि बोर्ड परीक्षा के तनाव में छात्रा ने मौत को गले लगाया है।

शिव चरण होटल मदेयगंज निवासी राकेश निषाद की छोटी बेटी चित्रा (18) नारी शिक्षा निकेतन में 12वीं की छात्रा थी। चाचा राजेश ने बताया कि चित्रा की 18 फरवरी को परीक्षा शुरू होने वाली है। शनिवार को परिवार के लोग शादी में शामिल होने गए थे। उस वक्त घर पर चित्रा अकेली थी। इसी दौरान चचेरा भाई किसी काम से घर पहुंचा। काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसपर उसने शादी में गए परिवारवालों को सूचना दी। पिता राकेश ने बेटी चित्रा को बुलाने के लिए कई आवाज लगाई, लेकिन कमरे से कोई आवाज नहीं आई। दरवाजा तोड़ा कमरे में पहुंचे तो चित्रा दुपट्टे से लटक रही थी।



महाशिवरात्रि पर रूट डायवर्जन और शाम को शोभा यात्राएं निकलने के कारण कई इलाकों में जाम की स्थिति रही, ठाकुरगंज में लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

## अग्निवीर भर्ती रैली में 837 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेटियम में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के 10वें दिन रविवार को कन्नौज जिले के अंतर्गत छिबरामऊ, कन्नौज, तिर्वा, हसेरन और महोबा जिले के अंतर्गत कुलपहाड़, चरखारी और महोबा की तहसीलों के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। जनरल ड्यूटी श्रेणी के लिए 837 रैली में शामिल हुए। 16 फरवरी को जनरल ड्यूटी श्रेणी के लिए औरैया जिले की बिधूना, औरैया, अजीतमाल तहसीलों, बाराबंकी के फतेहपुर, रामनगर, नवाबगंज, सिरसाउली, गौसपुर, रामसनेहीघाट और हैदरगढ़ तहसीलों के लिए रैली आयोजित की जाएगी।



घर में चोरी से संबंधित साक्ष्य जुटाती फॉरेंसिक टीम।

# व्यवसायी के मकान का ताला तोड़कर 10 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **दुबग्गा पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से की छानबीन**
- **कृष्णानगर व गुडंबा में दो मकानों के टूटे ताले, लाखों का माल पार**

**अमृत विचार:** दुबग्गा के हिना कॉलोनी में चोरों ने शनिवार देर रात व्यवसायी के बंद मकान को निशाना बनाया। ताला तोड़कर चोरों ने नकदी, जेवर समेत करीब 10 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। रविवार को फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर छानबीन की। कृष्णानगर और गुडंबा में चोरों ने दो बंद मकानों के ताले तोड़कर नकदी, जेवर समेत लाखों का माल चोरी कर लिया। पुलिस तीनों वारदातों में रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

हरदोई रोड स्थित हिना कॉलोनी सिकरौरी निवासी व्यवसायी सईद शनिवार दोपहर पत्नी तैय्यबा के साथ बेटे को लेने लखीमपुरखीरी ससुराल गए थे। देर रात चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर दाखिल हुए। उसके बाद चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। रविवार सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटा देख सईद को सूचना दी तो वे पत्नी संग लौटे। दुबग्गा पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर छानबीन की। पीड़ित परिवार ने बताया कि चोरों ने आलमारी का लॉकर तोड़कर करीब करीब आठ लाख रुपये के जेवर, 55 हजार रुपये, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच व अन्य सामान चोरी किया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

वहीं, कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा स्थित शुभम सिटी निवासी गायत्री श्रीवास्तव के पति अंजनी वीर प्रसाद की कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। पीड़िता ने बताया कि उनका एक मकान महानगर में भी है। वह 5 फरवरी को पूरे परिवार के साथ घर पर ताला लगाकर दूसरे मकान महानगर चली गई थी। 12 फरवरी को पड़ोसी ने मकान का ताला टूटा देखा उन्हें सूचना दी। जानकारी पर वह पहुंची तो आलमारी खुली और सामान बिखरा मिला। पीड़िता ने बताया कि चोर 45 हजार रुपये नकद और सोनों-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। कृष्णानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उधर, गुडंबा के आदिलनगर वसुंधरा विहार निवासी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि वह 8 फरवरी को भतीजे की शादी में शामिल होने परिवार संग गए थे। अगले दिन सुबह करीब सात बजे जब परिवार घर लौटा तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले। वे भीतर गए तो सभी कमरों में सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने बहू दीप्ति के कमर की अलमारी का लॉकर तोड़कर करीब 1.50 लाख रुपये, लाखों के जेवर बटोर लिए। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही गुडंबा पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने बताया कि चोर बहू की आलमारी के साथ ही उनकी पत्नी की अलमारी से 25 हजार रुपये और लाखों के जेवर भी ले गए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कंटेनर की टक्कर से ट्रक में घुसी बाइक, एमबीबीएस छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **साथी गंभीर रूप से घायल लोहिया अस्पताल में भर्ती**
- **शहीद पथ स्थित डॉयल-112 के सामने हुआ हादसा**

**अमृत विचार:** शहीद पथ की सर्विस लेन पर डॉयल-112 के सामने कंटेनर की टक्कर के बाद बुलेट अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक में घुस गई। हादसे में एमबीबीएस छात्र की मौके पर मौत हो गई, जबकि बुलेट पर पीछे बैठा उसका दोस्त एमबीबीएस छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

मूल रूप से जिला बिजनौर निवासी राजीव अग्रवाल को बर्तन का कारोबार है। उनका बेटा ध्रुव अग्रवाल (23) लोहिया संस्थान में एमबीबीएस अंतिम वर्ष का छात्र था। वह डॉयल-112 के पास बने लोहिया संस्थान के हॉस्टल में रहता था। मौसेरे भाई ने बताया कि शनिवार देर रात करीब 1:30 बजे ध्रुव साथी छात्र मेरठ निवासी हार्दिक के साथ बुलेट से चाय पीने के लिए निकला था। 112 के सामने बेकाबू कंटेनर ने बुलेट में टक्कर मार दी। टक्कर से बुलेट अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि ध्रुव और हार्दिक कई फीट उछलकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गये। इसी बीच राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल ध्रुव और हार्दिक को लोहिया संस्थान पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने ध्रुव को मृत घोषित कर दिया। वहीं हार्दिक की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने ध्रुव के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिवारवालों को दी। रविवार को परिजन लखनऊ पहुंचे। हादसे के बाद से ध्रुव की मां कविता और भाई देव का रो-रोकर बुरा हाल है।



एमबीबीएस छात्र ध्रुव अग्रवाल

# 100 की रफ्तार से मैदान व हाइवे पर स्टंट कर दौड़ाई एसयूवी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **फेयरवेल पार्टी के बाद सीतापुर रोड स्थित एक निजी कॉलेज के छात्रों का वीडियो वायरल**

**अमृत विचार:** सीतापुर रोड स्थित एक निजी कॉलेज में फेयरवेल पार्टी के बाद एसयूवी कारों से निकले छात्रों ने मैदान और हाइवे पर 100 किमी की रफ्तार से गाड़ियां दौड़ाकर स्टंट किया। कुछ खिड़कियों पर लटके तो कुछ पावदान पर खड़े होकर हुल्लड़ करते रहे। मैदान में धूल उड़ाते और हाइवे पर रैश ड्राइविंग करते हुए कट मारते रहे।

छात्रों का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। बीकेटी पुलिस गाड़ियों के नंबर के आधार पर छात्रों के बारे में जानकारी जुटा रही है। स्टंट के तीन वीडियो रविवार को वायरल हुए। दो वीडियो सीतापुर रोड और तीसरा कॉलेज के सामने मैदान का है। जिसमें काले और सफेद रंग की एसयूवी में सवार छात्र खिड़कियों लटके हैं। फर्राटा भरते गाड़ियों के कोई पावदान पर खड़ा हुआ तो कोई शरीर का आधा हिस्सा सनरूफ से बाहर निकाले हुए वीडियो बनाता रहा।

# करोड़ों के मुद्रा लोन घोटाले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कूटरचित दस्तावेजों से बैंकों से 100 से अधिक लोगों के नाम पर कराया लोन**
- **एसटीएफ और साइबर क्राइम थाने की संयुक्त टीम ने आईआईएम रोड से दबोचा**

**अमृत विचार:** एसटीएफ व साइबर क्राइम थाने की संयुक्त टीम ने रविवार सुबह आईआईएम रोड स्थित सहारा होम्स के पास से बड़े जालसाज को गिरफ्तार किया।

आरोपियों ने अपने गिरोह के सदस्यों के साथ फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से मिली भगत की। इसी दस्तावेजों के आधार पर 100 से अधिक लोगों, फर्मों व कंपनियों के नाम पर सैकड़ों करोड़ का मुद्रा लोन कराया। गिरफ्तार आरोपी गिरोह का मास्टर माइंड बताया जा रहा है। ने वाले ग

एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी आमिर अहसन मऊ के मोहम्मदाबाद गोहना स्थित सैयदवाड़ा का रहने वाला है। उसने बीए की पढ़ाई की है। साथ में ड्राफ्टमैन डिप्लोमा कर चुका है। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड, तीन क्रेडिट/डेबिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, चार चार पहिया वाहन (दो इनोवा क्रिस्टा, एक एक्सयूवी-500, एक सियाज) तथा 730 रुपये बरामद किए गए हैं।



आरोपी अहसन

एसटीएफ अधिकारी के मुताबिक हजरतगंज वजीर हसन रोड स्थित इनकम टैक्स कालोनी निवासी राज बहादुर गुरुंग ने शिकायत की। शिकायत की जांच अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ विशाल विक्रम सिंह के नेतृत्व में साइबर टीम कर रही थी। पीड़ित ने बताया कि व्यवसाय के लिए लोन की जरूरत पर उसके परिचित ने नावेद हसन से संपर्क कराया, जो विभिन्न बैंकों के मैनेजरों से पहचान होने का दावा कर लोन दिलाने का काम करता था।

पीड़ित से कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए और बाद में बताया गया कि लोन स्वीकृत नहीं हुआ। कुछ महीनों बाद ईएमआई का संदेश आने पर सिविल स्कोर जांच में उसके नाम से दो लोन स्वीकृत होने का खुलासा हुआ।

छापेमारी

**सवाई माधोपुर के गंगापुर थाने में दर्ज थे फर्जीवाड़े के दो मामले**

# गोमतीनगर से राजस्थान पुलिस ने इनामी सिपाही को उठाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **25 हजार का इनाम घोषित होने के बाद कोर्ट ने जारी किया था वारंट**
- **आपराधिक मामलों की जानकारी छिपा विशेष सुरक्षा वाहिनी में सिपाही की करता रहा इ्यूटी**

**अमृत विचार:** शिवरात्रि पर जल चढ़ाकर लौट रहे विशेष सुरक्षा वाहिनी के सिपाही अखिलेश त्रिपाठी को गोमतीनगर इलाके में रविवार सुबह काली स्कार्पियो से अगवा करने की सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की तो पता चला कि अखिलेश का अपहरण नहीं हुआ है, बल्कि राजस्थान पुलिस ने उठाया है। राजस्थान के सवाई माधोपुर के गंगापुर थाने में अखिलेश के खिलाफ दो मामले दर्ज थे। आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाकर वह सुरक्षा वाहिनी में नौकरी कर रहा था। गिरफ्तारी के लिए राजस्थान पुलिस ने उसपर 25 हजार रुपये इनाम घोषित किया था।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि विकासखंड निवासी अखिलेश त्रिपाठी स्मारक सुरक्षा वाहिनी में गार्ड था। करीब 30 साल पूर्व वह राजस्थान के सवाई माधोपुर गंगापुर में रहता था। वहां एक निजी फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता था। उसके खिलाफ वर्ष 1998 में और 2000 में धोखाधड़ी, साजिश, धमकी समेत अन्य धाराओं में दो मामले दर्ज हुए थे। उसके बाद वह वहां से फरार हो गया। करीब 28 साल से अखिलेश यहां रह रहा था। यही नहीं उसने अपने आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाकर स्मारक समिति में नौकरी भी पा ली। लगातार फरार होने के चलते राजस्थान पुलिस ने उसपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। साथ ही राजस्थान में उसके खिलाफ वारंट भी जारी हो गया था। राजस्थान पुलिस को अभिषेक के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद वहां की क्राइम ब्रांच आयी थी। रविवार सुबह अखिलेश बेटों अमोल और अगम के साथ शिवरात्रि के मौके पर मंदिर में जल चढ़ाने गए थे। वह चढ़ाने के बाद बेटों के साथ पैदल ही घर लौट रहे थे। बेटों ने बताया कि ग्वारी गांव के पास सुबह 9 बजे एक व्यक्ति ने अखिलेश को रोक लिया। दोनों बात करने लगे। इसके बाद उक्त व्यक्ति बात करते-करते उन्हें काली स्कार्पियो के पास ले गए। स्कार्पियो के पास तीन लोग पहले से खड़े थे। उन लोगों ने अखिलेश को पकड़ लिया। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता उन्हें स्कापियों में जबरन बैठा लिया गया। बेटों ने शोर मचाते हुए राहगीरों की मदद से स्कार्पियो को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे भाग निकले।

### पत्नी से कॉलर बोला, अखिलेश को भगाओ

- पत्नी आराधना त्रिपाठी के मुताबिक स्कार्पियो सवार लोगों ने राहगीरों से कहा कि वह पुलिस से हैं। मामले में न पड़ें। अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन की। कुछ देर बाद पता चला कि राजस्थान पुलिस ले गयी है। आराधना ने बताया कि अखिलेश को जब उठा लिया गया, उसके बाद एक कॉल आई थी। कॉलर ने कहा कि अखिलेश को भगा दो, नहीं तो उनको उठा लिया जाएगा। इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तारी के संबंध में राजस्थान क्राइम ब्रांच ने गोमतीनगर थाने में कोई जानकारी नहीं साझा की थी।

# कॉल पर की अश्लील बातें, एआई से फोटो वायरल की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कोर्ट जाने पर पिता की हत्या की कही बात**

**अमृत विचार:** आशियाना इलाके में युवती को कॉल पर युवक परेशान कर रहा है। अंजान नंबर से कॉल कर अश्लील बातें करता है। विरोध करने पर एआई से फोटो वायरल और पिता के कोर्ट जाने पर हत्या की धमकी दी। पीड़िता ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने बताया कि 28 जनवरी की सुबह उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाला युवती से अश्लील और आपत्तिजनक बातें करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो वह गाली-गलौज करने लगा और खुद को सुधाकर त्रिपाठी बताया। इस बीच आरोपी ने बातचीत के दौरान उदय प्रताप सिंह और उदितांश प्रताप सिंह नाम लेकर युवती और उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।



धमकाया कि अगर चार मार्च को उसके पिता कोर्ट जाएंगे तो वह उन्हें मार देगा। साथ ही आरोपी ने युवती से कहा कि एआई के जारिए उसकी फोटो वायरल कर देगा और दिल्ली में रहने वाले भाई को उठवा लेगा। धमकी भरी कॉल आने के बाद से पीड़िता बुरी तरह डरी सहमी है। किसी तरह हिम्मत जुटाकर पीड़िता ने महिला हेल्प लाइन में शिकायत की। उसके बाद पीड़िता ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## सिटी ब्रीफ

### कल से बादलों संग बूंदाबांदी के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** 17 फरवरी से लखनऊ और आस-पास मौसम में बदलाव के आसार हैं। बादलों के संग बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण 17 और 18 फरवरी को बादलों की आवाजाही से कहीं-कहीं छिटपुट बारिश होने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

### कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज और आशियाना सहित शहर के कई इलाकों में सोमवार को मरम्मत के कार्य किए जाएंगे। इससे बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। 33 केवी बिजली उपकेंद्र गोयल चौराहा, अलीगंज से निर्गत 11 केवी मामा क्रॉसिंग फीडर, बेली गारद फीडर, मामा चौराहा स्थित 250 केवीए ट्रांसफार्मर, त्रिकोना पार्क के 250 केवीए ट्रांसफार्मर पर कार्य किए जाएंगे। इससे सेक्टर एम, एल, और पी सहित आसपास सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक, सेक्टर-डी की विद्युत आपूर्ति दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक, आशियाना फीडर के सेक्टर-एन, एलडीए-1, और टू सहित बिरहाना, सेक्टर एल, स्मृति उपवन, विधि, एमराल्ड मॉल, सेक्टर के,एम एम-1, एन-1 जी और डी सहित आसपास सुबह 10 :30 से शाम 5 बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

### सर्वर डाउन होने से परेशान रहे उपभोक्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** अहिबरनपुर उपकेंद्र पर रविवार को सर्वर डाउन होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। अहिबरनपुर उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में करीब एक लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं। प्रतिदिन औसतन 300 से ज्यादा उपभोक्ता अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए यहां पहुंचते हैं। रविवार को सर्वर डाउन होने से सैकड़ों लोग उपकेंद्र परिसर में सर्वर सामान्य होने का इंतजार करते रहे। दोपहर बाद सर्वर चालू होने के बाद कर्मचारियों ने लंबित कार्यों को निपटाना शुरू किया और देर शाम तक अधिकांश उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया। अवर अभियंता के अनुसार सर्वर के डाउन होने की कोई शिकायत उन्हें नहीं मिली। अगर ऐसा हुआ है तो समस्या को दूर करा दिया जायेगा।

### संत आसाराम बापू आश्रम से निकाली शोभायात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णा नगर क्षेत्र में स्थित संत आसाराम बापू आश्रम से वेलेंटाइन डे अवसर पर मातृ पितृ पूजन दिवस मनाने का संदेश देने के उद्देश्य से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आश्रम संचालक अर्जुन भाई ने कहा कि 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे की जगह माता-पिता पूजन दिवस की शुरुआत सन 2007 में पूज्य बापूजी ने की थी उनके इस संदेश को ही लेकर अब तक निरंतर यह आयोजन चलता चला आ रहा है। माता पिता का प्रेम ही निस्वार्थ प्रेम है इसलिए इस दिन को मातृ-पितृ दिवस के रूप में मनाए। यह शोभायात्रा कृष्णा नगर स्थित संत आसाराम बापू आश्रम से प्रारंभ होकर आलमबाग बस अड्डा होते हुए ,टेढ़ी पुलिया, इको गार्डन से होकर आश्रम पर समाप्त हुई। यात्रा में अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता,पार्षद रामनरेश रावत आदि मौजूद रहे।

# समय पर पहचान, समुचित इलाज से 80 प्रतिशत तक ठीक हो सकता है बच्चों का कैंसर

## अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस पर हुए जागरूकता कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सही समय पर पहचान कर समुचित उपचार कराया जाए तो बच्चों में कैंसर 80 प्रतिशत तक ठीक हो सकता है। बड़ों की तुलना में बच्चों में ऑपरेशन, कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी अधिक प्रभावी होती है। उपचार के बाद दोबारा बीमारी उभरने की आशंका भी कम रहती है। ऑपरेशन के 5 से 10 वर्ष बाद भी अनेक बच्चे सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं, यही उपचार की सफलता का प्रमाण है। ये जानकारी रविवार को पीडियाट्रिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम में दी।

अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस पर एसजीपीजीआई में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने किया। कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बचपन के कैंसर के प्रति जागरूक किया। पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई। सीएमएस डॉ. देवेंद्र गुप्ता और डॉ. हर्षवर्धन ने कैंसर से बचाव और शुरुआती लक्षणों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कैंसर से जूझ रहे बच्चों ने अपने अनुभव साझा कर उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ. राधा ने गीतोंके माध्यम से बीमारियों की पहचान पर आधारित गतिविधि आयोजित की। निजी संगठनों ने भी कैंसर पीड़ित बच्चों की सहायता में अपने योगदान साझा किए। इसके पहले सुबह वॉकथॉन के जिरये भी डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों और नर्सिंग छात्रों ने कैंसर के प्रति सचेत किया।



बच्चों से दीप प्रज्ज्वलित कराकर कार्यक्रम की शुरुआत कराते चिकित्सक।

### एनीमिया प्रबंधन को आईएफए संरचना में बदलाव को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) कार्यक्रम की राज्य स्तरीय टास्क फोर्स बैठक अमित घोष, अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की अध्यक्षता में लाल बहादुर शास्त्री भवन में हुई इसमें निर्णय लिया गया कि महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों में एनीमिया की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं पंचायती राज विभाग के अभिसरण से समन्वित कार्यवाही की जाएगी। डॉ. मिलिंद वर्धन, महाप्रबंधक (शिशु स्वास्थ्य) एवं एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ने आईएफए (आइरन फोलिक एसिड) की संरचना को फेरस सल्फेट के स्थान पर फेरस एस्कॉर्बेट में परिवर्तित करने का प्रस्ताव रखा, जिससे हीमोग्लोबिन स्तर में शीघ्र सुधार हो तथा दुष्प्रभाव कम हों।



कार्यक्रम में मौजूद कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद व अन्य।

## केजीएमयू में जल्द शुरू होगा फेफड़ा प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में अब फेफड़े के प्रत्यारोपण (लंग ट्रांसप्लांट) की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके लिए संस्थान के शताब्दी भवन में विशेष ट्रांसप्लांट यूनिट तैयार है, जिसमें अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। अंगदान मिलने के बाद प्रत्यारोपण शुरू कराया जाएगा। यह जानकारी कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने साझा की। वह शताब्दी फेज-2 में आयोजित दो दिवसीय एआईपीकॉन 2026 के अंतिम दिन रविवार को सम्बोधित कर रहीं थीं।

कुलपति ने बताया कि पहले से ही केजीएमयू में कार्निया, लिवर और किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध है। लिवर और किडनी प्रत्यारोपण में मरीज के परिवारजन अंगदान करते हैं, जबकि फेफड़ा के लिए केवल ब्रेनडेड व्यक्ति के अंग ही दान में लिए जा सकते हैं। केजीएमयू ने तैयारी पूरी कर ली है और अंग मिलने पर यह सुविधा तुरंत शुरू की जाएगी।फेफड़ों के कैंसर में पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग की भूमिका पर केंद्रित एआईपीकॉन 2026 में मौजूद पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित पूर्व कुलपति प्रो. रवि कांत ने कहा चिकित्सा में सबस्पेशियलिटी सेवाएं विकसित होने से रोगी-केंद्रित और सटीक उपचार को संभव हो सकेगा। पद्म श्री पीजीआई चंडीगढ़ के मानद प्रो. दिगंबर बेहरा, विभागाध्यक्ष प्रो वेद प्रकाश , एसजीपीजीआई के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. आलोक नाथ, हैदराबाद के प्रख्यात इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट प्रो. सुभाकर कांडी ने भी अनुभव साझा किए।

# वित्तीय वर्ष पूरा होने में बचा बस डेढ़ माह, अभी निकाल रहे टेंडर

## अगले वित्तीय वर्ष में नगर निगम पर देनदारी बढ़ने की बनेगी संभावना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- काम कब शुरू होंगे और 31 मार्च से पहले कैसे होगा भुगतान
- पूर्व नगर आयुक्त के सुधार कार्यों पर अभियंता फेर रहे पानी

**अमृत विचार :** नगर निगम पर एक बार फिर अगले वित्तीय वर्ष में भुगतान की देयता बढ़ने वाली है। वर्तमान वित्तीय वर्ष समाप्त होने में करीब 1.5 महीना बाकी है लेकिन नगर निगम का अभियंत्रण विभाग अभी तक टेंडर करा रहा है। काम कब शुरू होंगे और 31 मार्च से पहले भुगतान कैसे होगा। नगर निगम के अभियंता तत्कालीन नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के सुधारों पर पानी फेर रहे हैं।

तत्कालीन नगर आयुक्त ने नगर निगम की देयता खत्म करने और भुगतान व्यवस्था में सुधार के लिए वार्ड विकास निधि सहित अन्य कार्यों के टेंडर 31 जनवरी के बाद कराने पर रोक लगाई थी। साथ ही सभी कार्यों का भुगतान वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही करने पर जोर दिया था।

जिससे अगले वित्तीय वर्ष में कोई भी देयता न रहे। उनके सुधार कार्यों से नगर निगम की आर्थिक स्थिति बेहतर हो गई थी। इस संबंध में मुख्य अभियंता महेश वर्मा ने कहाकि वार्ड विकास निधि के करीब 75 प्रतिशत टेंडर हो गए हैं। जल्द ही काम पूरा करा लिया जाएगा। शेष कार्यों के लिए टेंडर जल्द करा लिए जाएंगे। 31 मार्च से पहले अभियंत्रण से संबंधित सभी बिलों का भुगतान करा लिया जाएगा।

### 500 करोड़ से अधिक की देयता कर दी थी शून्य

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने 2022 में जब लखनऊ नगर निगम में नगर आयुक्त का कार्यभार संभाला था, उस समय निगम पर करीब 500 करोड़ से अधिक की देनदारी थी। जिसमें निर्माण कार्यों से संबंधित ठेकेदारों का भुगतान और कार्यदायी संस्थाओं से लगे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन शामिल था। उन्होंने सबसे पहले कर्मचारियों का बकाया वेतन और ठेकेदारों का भुगतान कराया।



### एलडीए कॉलोनी और आस-पास आज से प्रभावित रहेगी जलापूर्ति

**अमृत विचार,लखनऊ :** नगर निगम के जलकल विभाग जोन 8 में प्रस्तावित ओवरहेड टैंकों की सफाई के कारण एलडीए कॉलोनी, बंगला बाजार एवं आस-पास के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि 16 फरवरी को सेक्टर के एलडीए कालोनी, 17 को सेक्टर एन, 19 को सेक्टर एम, 21 को हिंदनगर, 23 को किला गांव, 24 को औरंगाबाद और 25 फरवरी को बेहसा ओवरहेड टैंक की सफाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शाम को जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित हो सकती है।

### डॉ. राम मनोहर मिश्र को मिलेगा साहित्यश्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. राम मनोहर मिश्र को वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित पार्वती मल्ल जनपद देवरिया साहित्य श्री सम्मान प्रदान किया जाएगा। रविवार को बीएमएन सेवा संस्थान के कार्यक्रम प्रमुख अमित कुमार ने बताया कि ये सम्मान साहित्य, प्रशासन एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है। सम्मान समारोह 22 फरवरी को हिन्दी संस्थान में होगा। देवरिया निवासी डॉ. राम मनोहर मिश्र की काव्य कृतियां पहचान एवं लाड़ली प्रकाशित हैं। उनकी काव्य कृति पहचान को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा कवयित्री महादेवी वर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की थी।

## रमजान की तैयारियां शुरू, सजे बाजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रमजान 18 या 19 फरवरी को होगा शुरू

**अमृत विचार :** बरकतों का महीना रमजान की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। मस्जिदों की रंगाई-पुताई का काम तेज हो गया है। पुराने शहर में खजूर, लच्छे और सिवईं के बाजार सज गये हैं। रमजान 18 या 19 फरवरी को शुरू होगा।

जिन मस्जिदों में तरावीह की नमाज होती है वहां भी तैयारियां तेज हो गई हैं। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया ने नगर निगम के अधिकारियों से रमजान के दौरान मस्जिदों के आसपास साफ़-सफाई का विशेष ध्यान रखने का अनुरोध किया है। मुसलमानों में रमजान की अहमियत इसलिए ज्यादा है क्योंकि इसी महीने में कुरान नाजिल हुआ था। रमजान के दौरान हर रोजेदार की कोशिश होती है कि रमजान में वह कम से कम एक बार कुरान जरूर मुकम्मल कर ले। रमजान में 30 रोजे होते हैं और कुरान में 30 अध्याय होते हैं। एक अध्याय रोज पढ़कर कुरान रमजान में मुकम्मल हो जाता है।

रमजान के मौके पर पुराने शहर के हुसैनाबाद, मुफ्तीगंज, नैपियर रोड, शीशमहल, सरफराज गंज, नक्खास, अकबरी गेट, विक्टोरिया स्ट्रीट, हसनपुरिया, कश्मीरी मोहल्ला, काजमैन, नूरबाड़ी, पुल गुलाम हुसैन, मौलवीगंज, खदरा, वजीरगंज, गोलागंज, टापे वाली गली, शाहगंज और हैदरगंज में चहल-पहल बढ़ गई है। लोग रमजान के लिए खरीददारी में लगे हैं।




आदिल नगर पीएचसी के आरोग्य मेले का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ ।

### पीएचसी पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहरी और ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले आयोजित हुए। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि इनमें 3100 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। 61 आयुष्मान कार्ड बने। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबीसिंह ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदिल नगर और महानगर में मेलों का निरीक्षण किया।

### विद्युत कर्मचारी मोर्चा ने की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ:** विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन की बैठक रविवार को केन्द्रीय कार्यालय नरही में केन्द्रीय अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अवस्थी बब्बू की अध्यक्षता में हुई। इसमें 22 फरवरी से गांधी भवन में होने वाले 46वें वार्षिक महाधिवेशनपर चर्चा की गई। लंबित मांगों पर शीघ्र आदेश जारी कराने की रणनीति पर भी विचार विमर्श हुआ। संगठन सदस्य गोपाल कृष्ण गौतम, मोहन श्रीवास्तव, छोटेलाल दीक्षित, नवीन गौतम, एके माथुर, पीसी वर्मा,अजय अवस्थी, कन्हैया लाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अध्यक्ष ने बताया कि 4 फरवरी को कर्मचारी समस्याओं के समाधान के लिए प्रबंधन को आंदोलन की नोटिस दी गई थी, जिसके तहत 12 फरवरी से केन्द्रीय अध्यक्ष को अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठना था। बैठक में फरवरी-09 के बाद शेष तृतीय श्रेणी कार्मिकों को तृतीय समयबद्ध वेतनमान 6600 रुपये देने, लिपिकीय कर्मचारियों के सेवा विनियमावली 1970 के विरुद्ध एकतरफा स्थानांतरण समाप्त करने, लिपिकीय कर्मचारियों की पदोन्नति जल्द पूरा करने की मांग की।

## जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाना समय की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केन्द्रीय जल आयोग के मुख्य अभियंता राजीव कुमार ने किया सचेत

**अमृत विचार :** भविष्य में संभावित जल संकट को लेकर केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के मुख्य अभियंता राजीव कुमार ने कहा कि जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने यह बात रेडियो जॉकी अभिषेक शर्मा से विशेष बातचीत में कही। यह वार्ता रेडियो केजीएमयू गूंज के माध्यम से प्रसारित की गई।

राजीव कुमार ने आमजन से दैनिक जीवन में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग और अनावश्यक जल बर्बादी रोकने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि अभी से सजगता नहीं बरती गई तो आने वाले समय में जल संकट गंभीर चुनौती बन सकता है। कृषि क्षेत्र में अत्यधिक जल उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने किसानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर जैसी आधुनिक सिंचाई तकनीक अपनाने की सलाह दी, जिससे जल की बचत के साथ उत्पादन भी बेहतर हो सके। उन्होंने वर्षा जल संचयन, भूजल संरक्षण तथा स्थानीय जल स्रोतों के पुनर्जीवन को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल संरक्षण केवल सरकार का दायित्व नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## सिटी डायरी



मजार पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### चाहने वालों ने मजार पर दी हाजिरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जाकिर-ए-अहलेबैत शाहकार जैदी ने मीर अनीस की मजार पर मोमिनीन की हाजिरी कार्यक्रम का आयोजन किया। धर्मगुरुओं और शाही जामा मस्जिद के नमाजियों ने रविवार की सुबह मीर बबर अली अनीस की मजार पर हाजिर होकर फातिहा पढ़ा और उन्हें याद किया।अतहर इमाम ने कुरान की तिलावत से कार्यक्रम शुरू किया। मौलाना जावेद मुस्तफवी, मौलाना वसी रजा आब्दी, मौलाना आलिम हुसैन, मौलाना वासिक रजा और अब्बास निगार ने मीर अनीस अपने-अपने अंदाज में खिराज-ए-अकीदत पेश की। इस मौके पर मीर अनीस के मर्सिये पढ़े गए। मौलाना एजाज मेंहदी ने इस मौके पर मजलिस को खिताब करते हुए मीर अनीस की शख्सियत पर रोशनी डाली। लोगों को उर्दू अदब सिखाने और अपने मरसियों के जरिये मकसद-ए-इमाम हुसैन को लोगों तक पहुंचाने में अहम किरदार अदा करते हुए मीर अनीस ने जो मर्सिये लिखे उनके बगैर मोहर्रम की मजलिसें पूरी नहीं होती हैं।



पंकज सिंह को स्मृति चिह्न देते महानगर अध्यक्ष व अन्य।

### भाजपा ने की बजट पर चौपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजाजीपुरम स्थित एसकेडी एकेडमी में "बजट चौपाल" को बतौर मुख्य अतिथि नोएडा विधायक पंकज सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहाकिप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मार्गदर्शन' में ऐसा बजट प्रस्तुत किया गया है जो स्थिरता, स्पष्ट नीति और दीर्घकालिक सुशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है। तीव्र विकास गति के साथ उत्तर प्रदेश आज भारत की आर्थिक उन्नति के अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। प्रवीण गर्ग ने बताया कि महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, अंजनी श्रीवास्तव,महामंत्री राम अवतार कनौजिया, घनश्याम अग्रवाल, दीप प्रकाश, सोमेंद्र पांडे, विमल चौधरी, संदीप तिवारी के अलावा बड़ी संख्या में व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



सामूहिक बैठक के मौके पर उपस्थित प्रदेशभर के ड्राइवर।

### सुरक्षा आयोग गठन की मांग

**अमृत विचार,लखनऊ :** ड्राइवर संगठनों की बैठक रविवार को छितवापुर चारबाग के पास हुई। इसमें ड्राइवरों की सुरक्षा और बेहतर जीवन स्थितियों के लिए केंद्रीय कानून बनाने तथा ड्राइवर सुरक्षा आयोग के गठन की मांग की गई। अप्रैल में लखनऊ में राज्यस्तरीय सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया।दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में ड्राइवर परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा, बच्चों को मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा, वृद्धावस्था पेंशन तथा आवास की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। बैठक की अध्यक्षता ई-रिक्शा ई-ऑटो चालक संयुक्त मोर्चा के मुन्ना लाल यादव और ड्राइवर कल्याण महासंघ के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने की, संचालन पूर्व पार्षद अमित सोनकर ने किया।



कथा के पूर्व आसन का पूजन करते भक्त।

### द्वारिकाधीश विवाह का प्रसंग सुनाया

**अमृत विचार,लखनऊ :** शहर के पश्चिमी क्षेत्र में लालाबाग के भूहर फाटक पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के छठे दिन कथा व्यास आचार्य मनोज कृष्ण महाराज ने श्रीकृष्ण की रासलीला तथा द्वारिकाधीश विवाह के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं केवल कथाएं नहीं बल्कि जीवन को धर्म, प्रेम और समर्पण का मार्ग दिखाने वाली आध्यात्मिक प्रेरणा हैं। झांकियों से विवाह का मनोहारी चित्रण प्रस्तुत किया गया।

**कवि सम्मेलन**

राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा और पं. आदित्य द्विवेदी ने दिया प्रशस्ति पत्र

# निर्भीक को पं. दीनदयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा सम्मान से नवाजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पंडित दीन दयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा संस्थान की ओर रविवार को आयोजित कवि सम्मेलन में अभय सिंह निर्भीक को पं. दीनदयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा सम्मान दिया गया। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा और पं. आदित्य द्विवेदी ने निर्भीक को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किया। कवि सम्मेलन में निर्भक ने, इस नापाक पड़ोसी के घर तोड़ के हम दीवार गए, पहलगाम का बदला लेने बेटे सीमा पार गए, भारत भू का नक्शा पूरा करने की तैयारी है, 370 हटा दिया अब पीओके की बारी है, कविता पढ़कर श्रोताओं में जोश भर दिया। शिव नगर-खदरा के शिव पार्क में डॉ. सर्वेश अस्थाना के संचालन में कवि सम्मेलन की शुरुआत हुई। प्रतापगढ़ राजस्थान से आए पार्थ नवीन ने सुनाया :- मेरे दीवाने से यदि हो गया विवाह मेरा ससुराल जा कर दीवानी बन जाऊंगी, सेठजी के बेटे से विवाह यदि हुआ मेरा ससुराल जा कर सेठानी बन जाऊंगी, राजाजी के बेटे से विवाह यदि हुआ मेरा ससुराल जा कर के रानी बन जाऊंगी, सरकारी नौकरी वाला मिला तो ख़ुशी ख़ुशी ससुराल जा के नौकरानी बन जाऊंगी। अयोध्या की कवियत्री रूचि द्विवेदी ने सुनाया:- व्यर्थ का राग रागने वाले बंद आंखों से जागने वाले, अप्सराएं तुम्हे मुबारक़ हों हम हैं वैकुंठ त्यागने वाले। दिल्ली से आए कवि मनवीर मधुर ने पढ़ा :- शिवजी मन तो बहुत सरल है, पर थोड़े मतवाले भी हैं, देवों के देव और कहते हैं बहुत निराले भी, अगर समझना चाहो शिव को, एक वाक्य में तो ये है भोले- भोले को भोले हैं, पर भाले को भाले भी हैं।

बिहार की कवयित्री सान्या राय ने पढ़ा :- महादेव बस तुम जैसे ही उसको भी, शक्ति के सम्मुख झुक जाना आता हो। सर्वेश अस्थाना ने पढ़ा :- राम तुम्हारे पुत्र धर्म के सामने हम खुद को लेकर शर्मिंदा हैं, पिता को वृद्धाश्रम भेज कर आज भी बेशर्मी से जिंदा हैं। इसके पूर्व सत्येन्द्र आर्या ने अपनी सुमधुर आवाज में शिव भक्ति से ओतप्रोत भजनों की सरिता प्रवाहित की। एमएलसी मुकेश शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद थे।



अभय सिंह निर्भीक को सम्मान देते राज्यसभा सांसद, विधायक व अन्य।

## सिटी ब्रीफ

### सीएमएस की शिक्षिका सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की शिक्षिका शुभ्रा सिंह को उनकी चित्रकला प्रतिभा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'सिल्वर अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। शुभ्रा ने मणिकर्णिका आर्ट गैलरी, झांसी के तत्वावधान में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित 85वें फ्यूचर स्टार आर्टिस्ट प्रतियोगिता में शामिल हुईं। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में शुभ्रा ने सर्वोत्कृष्ट कलाकृति के माध्यम से जीवन मूल्यों व संस्कारों के साथ भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास अलख जगाया। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने शुभ्रा को बधाई दी है।



सीएमएस शिक्षिका

### अस्पतालों में भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी मेडिकल अफसर के रिक्त पदों के लिए पिछले महीने हुए साक्षात्कार (वॉक-इन इंटरव्यू) का परिणाम जारी कर दिया गया है। चयनित डॉक्टरों को 20 फरवरी तक ज्वाइन करना है। 55 पदों के लिए 7 जनवरी को सीएमओ कार्यालय में साक्षात्कार हुआ था। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि 20 फरवरी के बाद ज्वॉइन करने वाले डॉक्टरों की सेवाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। उन्होंने कहा कि खाली केंद्रों पर शीघ्र तैनाती से मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिल सकेगा।

### वर्तमान आर्थिक वास्तविकता है जलवायु परिवर्तन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग भारत में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स और इकोनॉमिक डेवलपमेंट : अचीवमेंट्स और फ्यूचर चैलेंजेस" पर गहन मंथन किया गया। जिमसें देशभर से करीब 300 से ज़्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक पंकज कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को एक प्रणालीगत वित्तीय जोखिम है। जलवायु परिवर्तन एक वर्तमान आर्थिक वास्तविकता है, न कि दूर का खतरा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला है कि कैसे भारतीय रिजर्व बैंक तनाव परीक्षण, बेहतर खुलासे, क्षमता निर्माण के माध्यम से जलवायु जोखिम को वित्तीय स्थिरता ढांचे में एकीकृत कर रहा है। मुख्य अतिथि प्रो. एपी सिंह, कुलपति रहे।

### यूजीसी का नया कानून वापस ले सरकार : सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूजीसी कानून रद्द करने और क्षत्रिय महासभा की एकजुटता को लेकर रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह की अध्यक्षता में मंथन बैठक यूपी प्रेस क्लब में हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश भर में सवर्ण समाज को सनातन योद्धा संग केसरिया यात्रा निकालने की बात कही। वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि यूजीसी का नया कानून वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में जनसंख्या नियंत्रण कानून, समान नागरिक संहिता कानून, जाति आधार पर आरक्षण समाप्त करने, सवर्ण उत्थान आयोग का गठन, बिछड़े और पिछड़े क्षत्रियों को जोड़ने का अभियान, दहेज रहित सामूहिक शादियों पर अभियान, युवा संस्कार शिविरों का संगठन का आयोजन करने के प्रस्ताव पारित हुए।

# परीक्षार्थी आज फोन कर जानें अच्छे अंक लाने के तरीके

## यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों को हेल्पलाइन नंबर 9415664679 पर शाम 3 से 5 बजे तक पांच विषयों के विशेषज्ञ देंगे सलाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**विज्ञान चेतना हेल्पलाइन**

- **भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी विषय के विशेषज्ञ देंगे जानकारी**

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की परीक्षा में विज्ञान विषयों में अच्छे अंक लाने के लिए क्या करें, इस संबंध में सोमवार को विशेषज्ञ हेल्पलाइन नंबर पर तरीके बताएंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से इंटरमीडिएट विज्ञान चेतना हेल्पलाइन नंबर 9415664679 पर शाम 3 से 5 बजे तक परीक्षार्थी भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी विषय के संबंध में जानकारी ले सकते हैं। विशेषज्ञों की टीम संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में कार्य करेगी।

यूपी बोर्ड परीक्षा-2026 इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग के परीक्षार्थियों को उनके मुख्य विषयों गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, अंग्रेजी में अच्छे अंक प्राप्त करने के टिप्स व शंका समाधान करने के उद्देश्य से विशेषज्ञों की टीम बैठेगी।

विज्ञान चेतना हेल्पलाइन के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी 16 फरवरी सोमवार की अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक अपने प्रश्न फोन करके पूछ सकते हैं। छात्र-छात्राओं को रसायन विज्ञान से संबंधित जानकारी विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार, भौतिक विज्ञान में राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज के प्रधानाचार्य सौरभ प्रताप सिंह, जीव विज्ञान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सरोसा भरोसा की प्रवक्ता दीप्ति विश्वकर्मा, गणित में कुम्हरावां इंटर कॉलेज के शिक्षक पवन कुमार तिवारी और अंग्रेजी में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सरोसा भरोसा में प्रवक्ता वन्दना तिवारी देंगी।



### उत्तर पुस्तिकाओं का ऑनलाइन मूल्यांकन नहीं होगा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की ''समानांतर मूल्यांकन'' की योजना अधर में है। शासन स्तर से इसके लिए अनुमति नहीं मिल पाई है। दूसरी तरफ इसके लिए तकनीकी व प्रशासनिक तैयारियां भी पुख्ता नहीं हो सकी है। ऐसे में इस साल से इस पायलट प्रोजेक्ट के परवान चढ़ने की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी है। बोर्ड ने इस बार मूल्यांकन प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनाने के लिए आनलाइन मूल्यांकन का पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया था। संभावना जताई जा रही है कि अब इसे अगले शैक्षणिक सत्र से शुरू किया जा सकता है।

### बोर्ड परीक्षा को लेकर कंट्रोल रूम होगा सक्रिय

- यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर मंडल स्तरीय कंट्रोल रूम को सक्रिय किया जा रहा है। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 के संचालन व्यवस्था के प्रभावी नियंत्रण के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय में मंडलीय नियंत्रण कक्ष सक्रिय होगा जो परीक्षा के शुरु होने से 24 घंटे पूर्व से परीक्षा समाप्ति तक हर समय सक्रिय रहेगा। मण्डल स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0522-2254070 रहेगा। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों पालियों की परीक्षा के लिए अलग-अलग कंट्रोल रूम प्रभारी व कंट्रोल रूम सदस्यों को नियुक्त किया गया है। ये मंडल के सभी 6 जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा स्थापित जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सेल (कंट्रोल रूम) से लगातार संपर्क बनाए रहेंगे। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मंडल के सभी 6 जिलों के मॉनिटरिंग सेल प्रभारियों को जिलों में बनाये गए सभी परीक्षा केन्द्रों की निर्बाध लाइव स्ट्रीमिंग (वेबकास्टिंग) को अंतिम प्रश्नपत्र होने तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसे राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग सेल को भी साझा किया जाएगा।

### लखनऊ कंट्रोल रूम से होगी सीबीएसई परीक्षा की निगरानी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं कल से देशभर में आरंभ हो रही है। यहां लखनऊ समेत प्रदेश के 31 जिलों में परीक्षाओं की निगरानी की जाएगी। प्रयागराज के बाद गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में दूसरा क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किया जा रहा है। क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अधिकारी का कार्यालय स्थापित होगा। जिला स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों की बैठक के लिए भी यहीं व्यवस्था होगी। 17 फरवरी से 9 अप्रैल तक होने वाली परीक्षा के लिए लखनऊ में 40 केंद्रों पर 45 हजार छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। परीक्षा संचालन की प्राथमिक जिम्मेदारी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सौंपी गई है, जबकि कंट्रोल रूम के माध्यम से संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

### द भोनवाल स्कूल का रहा दबदबा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगासना स्पोर्ट्स फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश की देखरेख में आयोजित जिला, राज्य स्तरीय रेफरी परीक्षा में राजधानी के द भोनवाल स्कूल ने कीर्तिमान स्थापित किया है। ग्रीन वे पब्लिक स्कूल में आयोजित इस परीक्षा में प्रदेश भर के 350 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से केवल 70 सफल हुए। सफल अभ्यर्थियों में सर्वाधिक संख्या द भोनवाल स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों की है। एसोसिएशन के सचिव डॉ. महेश लाल और प्रधानाचार्या प्रतिमा अवतारामानी ने इस कामयाबी को कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम बताया है।



रविवार को अटल बिहार वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल मैच खेला गया। इस मैच में बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी के दामाद केएल राहुल कर्नाटक की ओर से खेल रहे हैं। निजी कार्यक्रम में शहर आए सुनील शेट्टी, बेटे अहान शेट्टी के साथ मैच देखने स्टेडिम पहुंचे। राहुल ने मैच में शतक लगाया।

# अवध ईगल्स और बीबीडी रेंजर्स जीते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **लखनऊ गोल्फ लीग के पांचवें संस्करण की शुरुआत**

**अमृत विचार :** लखनऊ गोल्फ क्लब में रविवार को लखनऊ गोल्फ लीग के पांचवें संस्करण की शुरुआत हुई। इसका उद्घाटन क्लब अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्रा (आईपीएस) और क्लब कप्तान आरएस नंदा ने किया। लीग में 12 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

पहले दिन अवध ईगल्स ने पीआर हुंडई जो रॉयल्स को 4-1 के बड़े अंतर से हराया। वाहिद हसन सिद्दीकी, संजीव कुमार और स्वप्निल राज की जोड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और सटीक शॉट्स से एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में बीबीडी रेंजर्स ने स्टिंगर्स के खिलाफ कड़ा संघर्ष करते हुए 3-2 से जीत हासिल की। रेंजर्स के लिए बबली नंदा, मनोज कपूर और ज़ोहे सिद्दीकी की जोड़ियों ने निर्णायक अंक जुटाए। तीसरा मुकाबला पार सीकर्स और अमेजिंग ओरिजिन्स के बीच खेला गया। ये रोमांचक मुकाबला 2-5, 2-5 की बराबरी पर छूटा। न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ, न्यायमूर्ति एआर मसूदी और वरिष्ठ अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

### वैष्णवी क्लब चैंपियन

- **अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर के डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को वैष्णवी जनकल्याण समिति की देखरेख में जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल में वैष्णवी क्लब ने एकतरफा मैच में 43-07 के अंतर से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। वैष्णवी क्लब की खिलाड़ी श्रावणी रावत ने, सटीक रणनीति और दमदार रेड्स से लगातार अंक बटोरे। मुख्य अतिथि अनिल प्रकाश वाजपेयी, प्रख्यात कबड्डी खिलाड़ी इंतजार अली सिद्दीकी और शबनम सिद्दीकी ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए।

# बढ़ाया जाएगा यूनानी चिकित्सा का दायरा

## नेशनल यूनानी डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सम्मेलन में बोले मंत्री दानिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूनानी चिकित्सा पद्धति में हो रहे नवाचार गंभीर और लाइलाज बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत का माध्यम बन रहे हैं, इसे देखते हुए यूनानी चिकित्सा का दायरा बढ़ाया जाएगा। सरकार नए यूनानी मेडिकल कॉलेज और डिस्पेंसरी खोलेगी। ये बात कन्वेंशन सेंटर में आयोजित नेशनल यूनानी डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सम्मेलन में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कही।





सम्मेलन में मौजूद लोगों को संबोधित करते मंत्री दानिश आजाद अंसारी।

प्रसिद्ध चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी हकीम अजमल खान के जन्मदिवस पर आयोजित यूनानी दिवस समारोह में 'एकीकृत केयर बेहतर बनाने के लिए यूनानी चिकित्सा में नई पहल' विषय पर वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि यूनानी विधा जनमानस में लोकप्रिय, प्राकृतिक और कारगर चिकित्सा पद्धति है। आयोजन सचिव डॉ. नाजिर अब्बास और यूनानी सेवाओं के निदेशक प्रो. जमाल अख्तर ने यूनानी चिकित्सा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन में एनयूडीडब्लूए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस. मुईद अहमद ने प्रदेश व केंद्र सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए बरेली में नव निर्मित यूनानी कॉलेज का नामकरण हकीम अजमल खान के नाम पर करने, यूनानी चिकित्सकों को आकस्मिक एवं शल्य चिकित्सा में आईवी फ्लूइड थेरेपी के प्रयोग का अधिकार देने, पांच वर्षीय पंजीकरण लागू करने, रिक्त पद भरने और 'यूनानी एम्स' स्थापित करने की मांग की।

केरल के यूनानी चिकित्सक डॉ. केटी अजमल ने हकीम अजमल खान को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यूनानी केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि ज्ञान, विज्ञान और मरीज के प्रति सहानुभूति का संदेश है। केजीएमयू के मेडिसिन विभाग के डॉ. कौसर उस्मान ने भी विचार रखे। लोहिया संस्थान की डॉ. सत्यवती देसवाल ने सटीक रेडियोन्यूक्लाइड थेरेपी पर व्याख्यान दिया। पुणे के यूनानी चिकित्सक डॉ. मस्तान अकबर शेख ने एकीकृत ऑन्कोलॉजी में यूनानी चिकित्सा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक चिकित्सा के साथ यूनानी पद्धति के संयोजन से मरीजों को अधिक राहत मिलती है। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. विभोर महेंद्रू ने बताया कि ट्यूमर की मॉलिक्युलर और जेनेटिक संरचना के आधार पर टारगेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी प्रभावी साबित हो रही है।

### टीईटी के खिलाफ 22 से आंदोलन करेंगे शिक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ :** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संगठन आपस में एकजुट होने लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों को सेवा में बने रहने हेतु टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है। जिससे प्रदेश और देश के शिक्षकों में रोष व्याप्त है। शिक्षक संगठन अलग-अलग आंदोलन कर रहे थे, अब एकजुट होने लगे हैं। रविवार को हुई बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए जबकि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह ऑनलाइन शामिल हुए। इसमें तय हुआ कि 22 फरवरी एक्स पर पर हैशटैग अभियान, 23 फरवरी से 25 फरवरी विरोध स्वरूप सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। 26 फरवरी को अपराहन 1 बजे से 4 बजे तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर धरना देंगे। मार्च के तीसरे सप्ताह में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करके सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा। प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी, शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिनेश चन्द्र शर्मा व महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य शामिल रहीं।

### सात अवैध वेंडर पकड़े

- **अमृत विचार, लखनऊ :** चारबाग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने कैटरिंग स्टाफ के साथ प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेनों और स्टॉलों की जांच की। इसमें सात वेंडर बिना लाइसेंस खाद्य सामग्री और पानी की बोतलें बेचते पकड़े गए।

## सिटी डायरी



शिक्षार्थियों को संबोधित करते प्रो. यशवंत वीरोदय।

### पुनर्वास विश्वविद्यालय ने की संगोष्ठी

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित बाह्य विशेष शिविर में शिक्षा, कौशल एवं युवा विकास" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन मौंदा में किया गया। विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय ने प्रसिद्ध कवि अल्लामा इकबाल के गीत "खुदी को कर बुलंद इतना" के माध्यम से युवाओं को आत्मविश्वास और आत्मबल का संदेश दिया। कहा कि प्रत्येक युवा में असीम संभावनाएं होती हैं, जरूरत केवल उन्हें पहचान कर सही दिशा में उपयोग करने की है। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस विभाग के डॉ. देवेश कटियार, डॉ. गौरव गोयल, समाज कार्य विभाग के डॉ. अवधेश कुमार, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बृजेश कुमार राय, कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. प्रज्ञा श्रीवास्तव, डॉ. सुधा राव, डॉ. दुष्यन्त त्यागी और नीरज दीक्षित ने भी विचार रखे।



विजेता खिलाड़ियों के साथ निदेशक डॉ. सर्वनारायण झा।

### सिविल स्ट्राइकर बना चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के खेल मैदान में हुई संस्कृत क्रिकेट लीग का दूसरा संस्करण के फाइनल मैच में सिविल स्ट्राइकर ने शास्त्री सुपर किंग्स को 6 रनों कर ट्रॉफी अपने नाम की। 26 जनवरी को आयोजित प्रतियोगिता में सिविल स्ट्राइकर, शास्त्री सुपर किंग्स, पाणिनी, शास्त्री सुपर जायंट्स व प्राक लाइन्स ने प्रतिभाग किया था। लीग चरण के चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंची। सेमीफाइनल में सिविल स्ट्राइकर ने पाणिनी और शास्त्री सुपर किंग्स ने प्राक लाइन्स को पराजित किया था। निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।



छायाचित्र प्रदर्शनी का आलोकन करते दर्शक।

### पुनीत के चित्रों की प्रदर्शनी शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : छायाचित्रकार पुनीत कात्यायन के 38 छायाचित्रों की प्रदर्शनी रविवार को अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में शुरू हुई। सभी चित्र गजानन के हैं। चित्रों को प्रकृति ने पेड़ों के तनों पर बड़े जतन से उकेरा है। पुनीत ने उन पेड़ों की तलाश की है जिन पर गजानन के विभिन्न मुद्राओं में चित्र उकेरे गये थे। प्रदर्शनी का उदघाटन महाशिवरात्रि के दिन हुआ। उद्घाटन जय कृष्ण अग्रवाल, अनिल रिसाल सिंह, अमित टंगारी और रजनीश रावत ने किया। पुनीत ने कॉलेज ऑफ आर्ट्स से औपचारिक कला-शिक्षा ग्रहण की और लगभग तीन दशकों तक विज्ञापन एजेंसियों में आर्ट डायरेक्टर के रूप में कार्य करते हुए अपनी दृश्य-समझ को परिपक्व किया।





वार्षिक समारोह में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे।

### वार्षिकोत्सव हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्मार्ट टॉडलर्स प्लेस्कूल का वार्षिक समारोह उत्साह, हंसी और यादगार प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश कुमार की प्रेरक उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मंच संचालन शिशिर दत्त शुक्ला ने किया। नन्हे कलाकारों ने रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य व अन्य प्रस्तुतियां दीं। प्रिंसिपल व फाउंडर अपर्णा शुक्ला के नेतृत्व में नेहा, रश्मि, अनीता, रिंकू, शांति और दीपाली सहित पूरे स्टाफ उपस्थित रहा।

## वाद-विवाद

**डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में तर्क-2026 प्रतियोगिता में इन इट फॉर मस्ती रही उपविजेता**

# बालिका शिक्षा नीति पर मजबूत तर्क देकर अद्वैत टीम विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की वाद-विवाद एवं संवाद समिति की ओर से तर्क 2026 के अंतिम दिन सेमीफाइनल मुकाबले हुए। जिसमें चार क्वालीफाई करने वाली टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में अद्वैत बनाम समग्र और इन इट फॉर मस्ती बनाम एल्गार परिषद के बीच हुए। इस राउंड का विषय "कल्पना लोक" रखा गया था। जिसमें प्रतिभागियों को तार्किक संरचना बनाए रखते हुए रचनात्मकता के साथ अपने तर्क प्रस्तुत करने का अवसर मिला।





डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देता विद्यार्थी।

सेमीफाइनल राउंड के निर्णयक डॉ. हबीब वी. आर. रहमान, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. रेशमा परवीन, डॉ. सी. एम. शर्मा और डॉ. जहान आरा जैदी रहे। अद्वैत और इन इट फॉर मस्ती ने फाइनल में पहुंचे। "बालिका शिक्षा" विषय पर हुए फाइनल में टीमों ने शिक्षा तक पहुंच, समानता, नीतिगत ढांचे और समाज के विकास में शिक्षा की भूमिका पर तर्क प्रस्तुत किए।

फाइनल बहस गंभीर, संतुलित और विषय की गहरी समझ को दर्शाने वाली रही। फाइनल के निर्णायक डॉ. जहान आरा जैदी, मनजीत कौर, मनीष श्रीवास्तव, अश्विनी कुमार, डॉ. सीएम शर्मा, देशबंधु त्रिपाठी और डॉ. अमर पाल सिंह ने अद्वैत टीम को विजेता और इन इट फॉर मस्ती टीम को उपविजेता घोषित किया गया।

### मूट कोर्ट प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल राउंड हुए

- **अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में स्पेक्ट्रा मूट कोर्ट समिति की ओर से राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल राउंड का आयोजन किया गया। प्रथम एवं द्वितीय चरण में विश्वविद्यालयों से चयनित आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। चरण का मूल्यांकन 12 निर्णायकों ने किया। प्रोफेसर, अधिवक्ता, तथा एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड शामिल रहे। प्रतिभागी टीमों ने अभियोजन पक्ष एवं बचाव पक्ष के रूप में तर्क अत्यंत प्रभावशाली, तार्किक एवं विधिक शैली में प्रस्तुत किए। क्वार्टर फाइनल राउंड के उपरांत 4 चयनित टीमों ने सेमीफाइनल राउंड में जगह सुनिश्चित की। सेमीफाइनल राउंड 21 फरवरी को होगा।